आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
27.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- . प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त।
- भाजपा के अजय भट्ट और कांग्रेस के गणेश गोदियाल सहित बसपा तथा निर्दलीय उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा।
- प्रदेश में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मुख्य मार्गों पर रैलियों एवं जुलूसों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।
- मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश व अत्यधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान जताया।

नामांकन अंतिम दिन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा आज समाप्त हो गई है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 30 मार्च तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। राज्य की पांचों लोकसभा सीट पर पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। परिणामों की घोषणा चार जून को होगी।

नामांकन

लोकसभा चुनाव के लिए आज भाजपा, कांग्रेस, बसपा सहित निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा भरा। भाजपा की ओर से नैनीताल–ऊधमसिंह नगर से अजय भट्ट ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन किया। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी ने भी नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश की है। वहीं, भाजपा के अजय टम्टा, और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा ने अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन भरा। उधर, गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थित में अपना नामांकन पर्चा भरा। इधर, हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वीरेन्द्र रावत और इसी सीट पर बसपा प्रत्याशी मौलाना जमील अहमद काज़मी ने भी अपना नामांकन किया।

नामांकन रैली

रुद्रपुर में अजय भट्ट के नामांकन पर भाजपा नेता व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा मतदगणना के दिन पांच लाख से अधिक वोटों से जीतेगी। उधर, गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने पौड़ी के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अपने समर्थन में वोट मांगे। श्री गोदियाल ने कहा कि वे जनप्रतिनिधि के नाते गढ़वाल की जनता के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। गणेश गोदियाल ने कहा कि मूलनिवास और भू कानून का मुद्दा जनता की तरह उनका भी है और वे अगर गढ़वाल सीट से जीते तो इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाएंगे। वहीं, कांग्रेस के हरिद्वार सीट से प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत ने कहा कि वे अगर चुनाव जीतते हैं और केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो वे रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

सुगम मतदान

राज्य में घर–घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम मतदान की प्रक्रिया को 8 अप्रैल से पहले चरण में तीन दिन के लिए शुरू किया जायेगा। यदि कुछ मतदाता इन तिथियों में अपने घर में उपलब्ध नहीं हो पायेगें, तो ऐसे मतदाताओं के लिए 10 अप्रैल 2024 के बाद से दूसरा चरण शुरू किया जायेगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए व्यवस्थांए की जा रही हैं। राज्य में 85 वर्ष से अधिक की आयु वाले मतदाताओं के लिए घर–घर जाकर मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में श्री जोगदंडे ने कहा कि राज्य में 80 हजार 330 दिव्यांग मतदाता हैं और उनमें से 5 हजार 576 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से वोटिंग के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 11 हजार 729 मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक

सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में सक्षम एप के माध्यम से एक हजार 524 व्हील चेयर के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

स्टार प्रचारक

प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य के नाम शामिल हैं।

परामर्श

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर परामर्श जारी किया है। यह परामर्श मौसम विभाग इस वर्ष मार्च से जून के दौरान सामान्य से अधिक तापमान के पूर्वानुमान के बाद जारी किया गया है। आयोग ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों को साझा किया है। प्राधिकरण ने गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए लोगों को विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह दी है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया सहित न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं तय करने को कहा है।

ट्रैफिक व्यवस्था

प्रदेश में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी जिलों के मुख्य मार्गों पर रैलियों और जुलूसों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सभी निजी स्कूलों के अंदर वाहन पार्क किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी वाणिज्यिक और आवासीय परिसरों को निर्माण के समय बेसमेंट में पार्किंग बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में कल से मौसम के करवट लेने की संभावना है। मौसम विभाग ने हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के अतिरिक्त राज्य के अन्य हिस्सों में कल बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। विभाग ने इस अवधि के दौरान उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और चमोली जिले में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का अनुमान भी व्यक्त किया है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम आज आमतौर पर साफ बना रहा। राजधानी देहरादून का अधिकतम तापमान आज 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

सीयूईटी–यूजी–2024

सीयूईटी–यूजी–2024 के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च कर दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा कि ये निर्णय उम्मीदवारों और हितधारकों से अनुरोध मिलने के बाद लिया गया है। सीयूईटी यूजी–2024 परीक्षा 380 शहरों में आयोजित की जा रही है। इनमें 26 शहर भारत से बाहर के हैं।

दुर्घटना

देहरादून में आज सुबह कुवांवाला जंगल शुरू होने पर दादेश्वर मंदिर से पहले तीन वाहनों के आपस में टकराने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। घायलों का उपचार दून अस्पताल में किया जा रहा है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 16वें वित्त आयोग को राज्य की ओर से प्रेषित की जाने वाली संस्तुतियों की तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 16वें वित्त आयोग को लेकर नोडल अधिकारी जल्द से जल्द नियुक्त करें।

विशेष वेबसाइट

पत्र सूचना ब्यूरो–पीआईबी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– pib.gov.in@elect2024/index.aspx शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।

कांस्य पदक

राज्य स्तरीय छठीं पैरा बैडमिंटन चौम्पियनशिप में ऋषिकेश की नीरजा गोयल ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन 19 से 23 मार्च तक मोहन आहूजा स्टेडियम, जमशेदपुर, झारखण्ड में किया था।